तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 चार महीनों से नगदी संकट से जूझ रहा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज

**अम्बिकापुर।** प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा, भटगांव, सीतापुर के सभी मतदान दल जिसमें पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 शामिल हैं का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 25 अप्रैल को होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही महिला मतदान कर्मियों द्वारा प्रबंधित संगवारी बूथ, युवा बूथ एवं दिव्यांग बूथ के सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 का भी प्रशिक्षण 25 अप्रैल को होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में संपन्न होगा। समस्त दलों को निर्धारित समय और कक्ष क्रमांक के अनुसार अपना स्थान ग्रहण करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि अंबिकापुर विधानसभा एवं रिजर्व मतदान दलों का प्रशिक्षण आगामी 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

### 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाता करेंगे होम वोटिंग

**बलरामपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत 29 एवं 30 अप्रैल को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के विधानसभा वार 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जो मतदान के निर्धारित तिथि को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए रूट चार्ट का भी निर्धारण किया गया है जिसके तहत रूट चार्ट के अनुसार ही मतदान किया जाएगा। मतदान कराने के लिए 18 मतदान दलों का भी गठन किया गया है तथा मतदान दलों को होम वोटिंग कराने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम रघुपुर निवासी लछू पहाड़ी कोरवा आ. सोमरा पहाड़ी कोरवा (65 वर्ष) मंगलवार को गांव में लगे साप्ताहिक बाजार में खरीदारी कर पैदल पत्नी के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे धौरपुर अस्पताला में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## प्रधानमंत्री बोले- फिर से आशीर्वाद दे रही सरगुजा की जनता

# आदिवासी समाज की संतान साय कर रहे प्रदेश के सपनों को साकार: मोदी

कुछ महीने पहले मैंने छत्तीसगढ़ व आपसे कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था। आपने मेरी बात का मान रखा और इस भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा के आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपनों को साकार कर रहा है। सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश के विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। इतने कम समय में रॉकेट की गति से सरकार चलाई है। किसानों को दी गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है। खरीदी भी तेजी से हो रही है। माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है ये पूरा देश देख रहा है। उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीजी कॉलेज मैदान में सरगुजा की जनता को संबोधित करते हुए कहीं।



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री एवं अन्य।

**अम्बिकापुर।** पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत वर्ष 2013 में बनाए गए प्रतीकात्मक लाल किले से शुरू की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। जो कांग्रेस आए दिन मोदी पर हमला करने की जगह ढूंढती रहती है उस पूरी टोली ने उस समय मुझपर बहुत हमला किया था कि लाल किला कैसे बनाया जा सकता है।अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव भी नहीं हुआ है। कांग्रेस ने तूफान खड़ा कर दिया था लेकिन ये आपकी सोच थी, नरेंद्र मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र को सम्बोधित किया। आज अंबिकापुर वही आशीर्वाद फिर से दे रहा है।

■ प्रदेश के विकास के लिए तेजी से कार्य कर रहे सीएम साय

## सिंगल इंजन सरकार खा गई गोबर, कोयला रेत : नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरगुजा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज सबकी चिंता दूर करने वाले हैं। सरगुजा की जनता ने मोदीजी की गारंटी पर विश्वास जताया और सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर दी। आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा संभाग से आते हैं और देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री और देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर आदिवासी महिला बैठी है यह सब भारतीय जनता पार्टी में ही संभव हो सकता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल की सिंगल इंजन की सरकार थी। गोबर, रेत, कोयला सब खा गयी। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही मोदी जी की गारंटी पूरी हो रही है।

### पूरी होती रहेगी मोदी गारंटी : लक्ष्मी

छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश का सेवक बनकर काम कर रहे हैं। उनके दस सालों का कार्यकाल आपने देखा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच साल कैसा काम किया आप सबको पता है। पहले सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटें कांग्रेस के पास थी पर अब उल्टा हो गया। सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर आपने दी। कांग्रेस लोक लुभावन वादे करके सत्ता प्राप्त की थी पर काम कुछ भी नहीं किया। मात्र तीन माह में ही विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। कांग्रेस जनता में यह भ्रम फैला रही हैं कि महिलाओं को चुनाव तक ही पैसा मिलेगा, मुफ्त राशन भी बंद हो जाएगा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जब तक श्री साय की सरकार है तब तक जनता को दी हुई मोदी की गारंटी पूरी होती रहेगी।

### विकसित भारत बनाने का चुनाव : रेणुका सिंह

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भरतपुर सोनहत से विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि सरगुजा संभाग साधारण क्षेत्र नहीं हैं। कोरोना के बाद अंबिकापुर से दिल्ली तक ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती हैं। इसके आवागमन के लिए रेल्वे मार्ग का दोहरीकरण के काम की स्वीकृति दे दी है। करीब 500 करोड़ का काम चालू है। अमृत भारत के तहत अंबिकापुर और बैकुंठपुर के रेलवे स्टेशन को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं अंबिकापुर के दरमा में एयरपोर्ट बनकर तैयार है। 19 विकासखंडों में 38 करोड़ रुपए की लागत से एकलव्य स्कूल की स्थापना हुई। श्रीमती रेणुका सिंह ने आगे कहा कि 2024 का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है यह विकसित भारत बनाने का चुनाव है। इस दौरान मंच में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अमर अग्रवाल, राजा पांडे, चिंतामणी महाराज, राम सेवक पैकरा, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो, शकुंतला पोर्ते, भुलन सिंह मरावी, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह, कृष्णा राय, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, बाबूलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह मरावी, अखिलेश सोनी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित रहे।



चुनावी सभा में उपस्थित लोगों की भीड़।

## तो कांग्रेस वालों का माथा गर्म हो जाता है

पीएम श्री मोदी ने कहा कि आज आपसे विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आशीर्वाद मांगने आया हुआ। जब मै विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गर्म हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। आज अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी इस लिए वो भारत में कांग्रेस व इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते है। ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में लड़ती रहे और घोटाले करती रहे।

### आतंकवादियों के मरने पर बहाती है आंसू

आतंकवाद व नक्सलवाद को लेकर पीएम ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। पीएम श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद कांग्रेस के कारण फैला। कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही के कारण देश बर्बाद हो गया। आज भाजपा सरकार आतंकवाद व नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं जो लोग निर्दोषो को मारते है, लोगों का जीना हराम कर देते है, पुलिस पर हमला करते है, अगर वो मारे जाए तो कांग्रेस वाले उनको शहीद कहते है। जब आप ऐसे लोगों को शहीद कहते है तो देश के वीर शहीदों का अपमान करते है। इसी देश की सबसे बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती है। ऐसी करतूतों के कारण कांग्रेस देश भरोसा खो चुकी है।

### सरगुजा को कहा स्वर्ग की बेटी

पीएम श्री मोदी ने कहा कि सरगुजा तो स्वर्गजा यानी स्वर्ग की बेटी है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य, कला संस्कृति, बड़े मंदिर भी है। इस क्षेत्र को बहुत आगे लेकर जाना है। 2024 के चुनाव में आपके सेवक को आपका आशीर्वाद चाहिए। आपको केवल एक सांसद ही नहीं चुनना है बल्कि अपने देश का उज्जवल भविष्य, आने वाली पीढ़ियों का भविष्य चुनना है। इस लिए राष्ट्र निर्माण का मौका ना गवाएं। किसी भी परिस्थिति में मतदान के दिन कुछ समय अपने सेवक और भारत के लोकतंत्र के लिए निकालिए। हर बूथ में मतदान का उत्सव हो। लोकतंत्र उत्सव होना चाहिए।

## कांग्रेस का मंत्र: कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे है। शाही परिवार के साहबजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश का मध्यमवर्गीय परिवार, मेहनत करके कमाते है उनपर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए। ये लोग उससे भी एक कदम आगे बढ़ गए है। अब कांग्रेस का कहना है कि वो इन हेरिटेंस टैक्स लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते है वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी बल्कि कांग्रेस सरकार का पंजा उसे आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेंस टैक्स का बोझ लाद देगी।

### कांग्रेस लूटना चाहती है आपकी सम्पत्ति

पीएम श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी को पैतृक सम्पत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दिया वो लोग नहीं चाहते कि एक सामान्य भारतीय अपने बच्चों को संपत्ति दे। हम संचय करने, संवर्धन करने, संरक्षित करने में विश्वास करते है। आज हमारी प्रकृति, पर्यावरण बचा है तो हमारे संस्कारों के कारण बचा है। हमारे यहां बूढ़े मां -बाप, बूढी दादी-नानी छोटे से छोटे गहने को भी बचाकर रखते है और सोचते है कि नाती पोती की जब शादी होगी तो उसे देंगे। घरों में तीन तीन पीढ़ी का सोचकर संपत्ति को बचाकर रखा जाता है। देश के लोग कष्ट उठाकर जिंदगी जीने के शौकीन नहीं बल्कि मेहनत करके जरूरत के हिसाब से घर चलाते है और बचत करते है। भारत के मूलभूत संस्कार पर कांग्रेस पार्टी कडा प्रहार करने जा रही है। कांग्रेस आपकी सम्पति को लूटना चाहती है।

### भाजपा ने जनता पर खर्च किया पैसा

पीएम ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार रही तो आपके हक का पैसा लूट लिया गया लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद आपके हक का पैसा आप लोगों पर खर्च हो रहा है। इस पैसे से छत्तीसगढ़ के 13 लाख परिवारों पक्के घर मिले, लाखों परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है, 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। मोदी ने यह भी गारंटी दी है कि 4 जून के बाद छत्तीसगढ़ के हर परिवार के माता-पिता जिनकी उम्र 70 साल हो गई है उनकी बीमारी का खर्चा नरेंद्र मोदी उठाएगा। सरगुजा के एक लाख किसानों के बैंक खाते में किसान निधि के सवा दो सौ करोड़ जमा हो गए है। सरगुजा में 400 बसाहटें ऐसी है जहां पहाड़ी कोरवा, पंडो, माझी मझवार परिवार रहते है। सभी जनजातियों के लिए 24 हजार करोड़ रुपए की पीएम जनमन योजना निकाली। इस योजना के तहत पक्के घर, बिजली, पानी,शिक्षा स्वास्थ्य, कौशल विकास की योजनाएं गांव की पिछड़ी जनजातियों तक पहुंचाई है। दस वर्षों में भांति भांति की चुनौतियों के बावजूद यहां रेल, सड़क, अस्पताल, मोबाइल टावर ऐसे अनेक काम पूरे हुए। यहां एयरपोर्ट की वर्षों पुरानी मांग पूरी की गई है। आपने देखा है कि अंबिकापुर से दिल्ली तक ट्रेन चली तो कितनी सुविधा हुई। दस वर्षों में हमने गरीब-आदिवासी कल्याण के लिए के कितना कुछ किया है लेकिन ये सिर्फ ट्रेलर है। आने वाले पांच साल में बहुत कुछ करना है।

# प्रेक्षक ने ली निर्वाचन की जानकारी

**बैकुंठपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए लोकसभा क्षेत्र 04 कोरबा, विधानसभा क्षेत्र बैकुंठपुर, भरतपुर-सोनहत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैलाश सुखदेव पगारे को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे को लोकसभा निर्वाचन के तहत बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक)विकासखंड़ में मतदान के लिए किए जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। श्री लंगेह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए बैकुंठपुर में 228 तथा सोनहत (आंशिक) में 78 इस तरह 306 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 304 मतदान केन्द्रों में रैम्प, बिजली व शौचालय की व्यवस्था की गई है। सामान्य प्रेक्षक को जानकारी देते हुए कहा कि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 363 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 960 है। बैठक में उपस्थित जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जानकारी दी कि आचार संहिता लगने के बाद लगातार अपराधियों की धरपकड़ की कार्रवाई की गई है। साथ ही अवैध शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की गई है। कानून व्यवस्था व शांति पूर्वक निर्वाचन संपन्न हो, इसके लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सामान्य प्रेक्षक श्री पगारे ने नोडल अधिकारियों को कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें साथ ही मतदाता सूची प्रकाशित करने के पूर्व पूरी तरह से अध्ययन कर लें। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में सामान्य प्रेक्षक श्री पगारे को जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने किए जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# 13 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकतंत्र में हिस्सेदारी निभाने के लिए मतदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस महती सहभागिता के लिए कोरिया जिले के हजारों श्रमवीर पूरे उत्साह के साथ तैयार हैं।

■ प्रत्येक श्रमवीर पूरे परिवार के साथ करेंगे मतदान

अकुशल रोजगार मूलक कार्यों में नियोजित 13 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने पूरे परिवार के साथ मतदान का संकल्प ले लिया है। आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान के अधिकार का उपयोग करने की शपथ लेने के साथ ही सभी मनरेगा श्रमिक अपने ग्राम पंचायत के प्रत्येक मतदाता को मतदान केन्द्र पर ले जाने के लिए भी संकल्पित हुए हैं।

इस संकल्प से आगामी निर्वाचन में मतदान का अच्छा प्रतिशत होने की उम्मीद है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के जिला नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में प्रत्येक ग्राम पंचायत में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक मतदाता को मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त तरीके से लाने का प्रयास किया जा रहा है, इसके लिए मशाल जुलूस, रैली, विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ रंगोली, चित्रकला सहित अनेक गतिविधियों को कराया जा रहा है और इन गतिविधियों के साथ ही प्रचार रथ भी ग्रामीणों के साथ शहरी मतदाता तक मतदान का संदेश देने के लिए पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा से अधिकांश परिवार आजीविका के लिए जुड़े हुए हैं, इसे ध्यान में रखकर मनरेगा के प्रत्येक कार्यस्थल पर शपथ दिलाई गई है। साथ ही प्रत्येक मनरेगा श्रमिक अपने परिवार के साथ अपने आस-पास के सभी मतदाताओं को भी मतदान अवश्य करना है, यह संदेश दे रहे हैं।

## क्षेत्र में फैली दुर्गंध, मछली निकालने मची होड़

# मैरीन ड्राइव तालाब में ऑक्सीजन की कमी से मर गई मछलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मैरीन ड्राइव तलाब में अचानक भरी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। बुधवार को तालाब में बड़ी हजारों की संख्या में मछलियां तालाब में छहला गई जिसके बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया। मछलियों की मौत तालाब में गंदगी और ऑक्सीजन की कमी से होने की संभावना जताई जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि मरी हुई मछलियों को घर ले जाने जाने लोगों में होड़ मच गई। वहीं व्यवसायी भी तालाब से मरी हुई मछलियों को बेचने के लिए ले गए ऐसे में पहले से गर्मी के मौसम में इस तरह मरी हुई मछलियों को खाकर लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। बता दें कि शहर के मैरीन ड्राइव तालाब में समूह द्वारा मछली पालन किया जाता है। तालाब में समय पर सफाई नहीं होने के कारण साल दो साल में एक बार मछलियों के मरने का मामला सामने आता ही है। इस बार भी बुधवार को मैरीन ड्राइव तालाब की हजारों की संख्या में मछलियां मर गई। मृत मछलियां तालाब में छहला गई। तालाब में मछलियों की मौत की जानकारी निगम प्रशासन को दी गई। मछलियों की मौत का कारण अब तक पता नहीं चला है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि तालाब का पानी एक स्थान पर जमा है और उसमें गंदगी अधिक हो गई है ऐसे में तालाब का ऑक्सीजन लेवल कम हो गया। गर्मी के मौसम में पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है ऐसे में मछलियों की मौत हो गई। तालाब में पानी को फिल्टर करने के लिए ग्रेवल फिल्टर लगाया गया है लेकिन तालाब में लगे फ्लोटर बंद पड़े हुए है। पानी में तैरते फव्वारों के बंद होने के कारण तालाब में ऑक्सीजन लेबल कम होने की बात भी कही जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि मछलियों के मरने की जानकारी मिलने के बाद लोगों में मृत मछलियों को निकालने की होड़ मच गया जबकि मछलियों के मरने से क्षेत्र में दुर्गन्ध फ़ैल गई इसके बाद भी आस पास के लोग मछलियों को लेकर चले गए। वहीं व्यवसायी इन मछलियों को बाजार में बेच देंगे जिससे बीमारी होने की संभावना भी है।



तालाब में मृत मछलियां।

# नशे में धुत युवक ने अशोका बिरयानी होटल की दीवार तोड़कर घुसाई स्कॉर्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को शहर में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन के चालक ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत्त युवक ने तेज रफ्तार वाहन को अशोका बिरयानी होटल में घुसा दी। युवक पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। गनीमत रही कि घटना के दौरान होटल खाली था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना में होटल के अंदर मौजूद बाईक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीतापुर क्षेत्र से युवक स्कार्पियो वाहन से अंबिकापुर आया हुआ था। पीएम कार्यक्रम समाप्त होने के बाद युवक काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए नवापारा रोड से उर्सू लाइन स्कूल होते हुए आकाशवाणी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान युवक ने पुराने रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल में अपनी गाड़ी घुसा दी। दुर्घटना में तेज रफ्तार वाहन दीवाल तोड़ते हुए अंदर घुस गई। पीएम कार्यक्रम के कारण सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की दुकानें बंद कराई गई थी व भीड़ भाड़ कम थी ऐसे में गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मलबे में नहीं दबा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। दुर्घटना से होटल संचालक को नुकसान हुआ जबकि एक बाइक समेत एक दर्ज साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने स्कार्पियों चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चालक को अपने साथ ले गई।

■ बाल बाल बचे लोग, दुकान क्षतिग्रस्त, चालक की जमकर हुई पिटाई



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बॉफ्टा 2025 की तैयारियां शुरू फैंस को सालभर रहेगा इंतजार



दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा के आगामी कार्यक्रम के आयोजन की तारीख की घोषणा कर दी गई है। 2024 में ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। अलग-अलग देशों में हर साल कई पुरस्कार समारोहों का आयोजन किया जाता है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा भी इन्हीं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। साल 2024 में यह समारोह लंदन में आयोजित हुआ था। वहीं, अब इसके अगले वर्ष के कार्यक्रम की तारीख का एलान कर दिया गया है। बाफ्टा ने पुष्टि की है कि 2025 का पुरस्कार समारोह रविवार 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस तारीख से यह साफ हो गया है कि समारोह ऑस्कर से दो सप्ताह पहले होगा। अगले साल अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) दो मार्च को दिए जाएंगे। इस बार भी बर्लिन फिल्म महोत्सव (13-23 फरवरी) के बीच में ही बाफ्टा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फिलहाल, इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संगठन की ओर से समारोह के स्थान को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। 2024 में कार्यक्रम को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित किया गया था। 2024 का बाफ्टा पुरस्कार ऑस्कर से तीन सप्ताह पहले आयोजित किया गया था। इसमें, ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम को लोगों ने देखा था। 2020 के बाद इस कार्यक्रम को सबसे अधिक व्यूअरशिप मिली थी। बीबीसी वन पर पुरस्कारों को राष्ट्रीय स्तर पर औसतन तीस लाख लोगों ने देखा था। बाफ्टा 2025 फिल्म पुरस्कारों के लिए पूर्ण समयरेखा और पात्रता का विवरण आने वाले महीनों में जारी किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## टॉलीवुड

### 'कल्कि 2898 एडी' में अपराजेय अश्वत्थामा बन छाने आ रहे अमिताभ



नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। अब फिल्म से अमिताभ बच्चन के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अब, फिल्म के निर्माताओं ने अमिताभ बच्चन के किरदार का पहला लुक जारी कर दिया है, जो इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्म की रिलीज की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 21 सेकेंड के टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन से होती है, जो मिट्टी के कपड़े पहने हुए हैं, एक गुफा में बैठे हैं और एक शिव लिंग की पूजा कर रहे हैं। बैकग्राउंड में, शांत संगीत के बीच, एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है जो उससे पूछ रहा है, 'क्या आप मर नहीं सकते? क्या आप दिव्य हैं? आप कौन हैं?' जैसे ही तनाव बढ़ता है, बच्चन की गहरी आवाज जोर देकर कहती है, 'प्राचीन काल से, मैं अवतार के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं गुरु द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।' पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच रविवार शाम के आईपीएल 2024 मैच की शुरुआत से पहले स्टार स्पोर्ट्स पर पहली झलक का अनावरण किया गया था। इससे पहले दिन में, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक अनावरण कार्यक्रम के बारे में एक घोषणा पोस्टर भी जारी किया था। पोस्टर में बिग बी को पूरी तरह से कपड़े से ढके हुए और मास्क पहने हुए एक मंदिर जैसी संरचना के अंदर बैठे हुए दिखाया गया था। कुछ महीने पहले, अश्विन ने महाकाव्य विज्ञान-कल्पना फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे किए थे। जिसमें वादा किया गया था कि 'कल्कि 2898 एडी' एक असाधारण दृश्य तमाशा होगा। हाल ही में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अश्विन ने कहा, 'मैं बस यही चाहता हूं कि इस फिल्म को बनाने में हमारी मदद करने के लिए और अधिक तकनीक होती।

## छॉलीवुड

### 'कुख्यात' से इश्क लड़ाएंगी एक्टर और मॉडल तनु



तनु प्रधान कम समय में लगतार 13 फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी है। उन्होंने 2019 में देवराज महंत के निर्देशन में बनी 'प्रेम मिलन' फिल्म से इस इंडस्ट्री में अपना कदम रखा। उसके बाद स्व. डायरेक्टर एजाज वारसी द्वारा निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'दहाड' के अलावा 'दिल है तोर दिवाना', 'रंग रंगीले', 'संगी जनम जनम' और 'लूप लपाटा लाटा फांदा' सहित अन्य कई फिल्मों के साथ ही हिन्दी फिल्म 'एक जिंदगी तेरे नाम', 'चाहतें' और 'दिल से रूह तक' में काम कर चुकी है। छॉलीवुड के डायरेक्टर नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'कलकी', अभिषेक सिंह के निर्देशन में बनने वाली हिन्दी फिल्म 'श्री रामायण कथा' व 'सिया के राम' के साथ ही छॉलीवुड डायरेक्टर रमाकांत सोनी की फिल्म 'दिल देके देखो में' भी मुख्य भूमिका करने जा रही है। इन फिल्मों की शूटिंग भी शीघ्र ही शुरू होने जा रही है।

लाइफ स्टाइल

## वॉन गॉग का फैशन

दुनिया भर में अपनी पेंटिंग के चलते कालजयी हो चुके प्रख्यात पेंटर विंसेंट वॉन गो की कला अब फैशन डिजाइनरों को भी खूब भा रही है। पिछले दिनों डच फैशन हाउस विक्टर एंड रॉल्फ के स्प्रिंग समर कलेक्शन में विक्टर और रॉल्फ ने वॉन की पेंटिंग को आधार बना कर अपना कलेक्शन पेश किया। हाउते-कॉउचर संग्रह में विशाल 3 डी फूलों और स्ट्रॉ टोपी के साथ उतरे मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



## नाइट क्रीम में घी का करें इस्तेमाल, स्किन से जुड़ी समस्याएं होंगी कम



स्किन की केयर करने के महिलाएं कई सारे उपाय करती है साथ ही कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट आपकी इच्छा अनुसार नही आता है और स्किन से जुड़ी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जहां दिन भर में स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे उपाय और प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं रात के समय स्किन की केयर करने में मामले में महिलाएं केयरलेस हो जाती हैं लेकिन स्किन की केयर रात में भी जरुरी हैं।

### स्किन के लिए फायदेमंद है घी

घी में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण सहते के साथ-साथ बालों और स्किन के लिए फायदेमंद हैं। घी में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं और ये गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं घी में फैटी एसिड्स होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद है साथ ही घी में पाए जाने वाले कई सारे और गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं।इसे भी पढ़ें :घर पर ही इन तीन तरीकों से बनाएं एंटी-फ्रिज हेयर सीरम

### नाइट क्रीम में करें घी का इस्तेमाल

रात के समय चेहरे पर घी लगाने से ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है और चेहरे के दाग धब्बे भी कम हो जाते हैं। वहीं रात के समय घी का इस्तेमाल करने से चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार भी होती हैं। वहीं स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए आप घी का इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही रात के समय घी लगाने से चेहरे की त्वचा ग्लो भी करेगी। रात के समय चेहरे पर स्किन लगाने से चेहरे पर रूखापन कम होता है साथ ही चेहरे से जुड़ी कई सारे समस्या भी कम होती है। घी का रात का समय इस्तेमाल करने से झुर्रियों से निजात पाया जा सकता है और आपकी त्वचा जवा नजर आएंगी। वहीं घी कटे-फटे होठों को ठीक करने में भी मदद करता है। घी को लिप बाम की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं अगर रात के समय में होंठों पर घी का इस्तेमाल करने से होंठ मुलायम भी होते हैं।

## समर सीजन में अपनाएं ग्रे कलर आउटफिट्स, खूब जमेगा रंग



फैशन

समर में अक्सर हम ढीले-ढाले और पतले कपड़े से बने आउटफिट्स को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमें पसीना कम आता है साथ ही यह पहनने में भी कम्फर्टेबल रहते हैं। लेकिन इन्हें खरीदते समय जरूरी है कि आप आउटफिट के सही कलर को चूज करें, ताकि इन्हें पहनने के बाद आप कम्फ़र्टबल फील करें। ऐसे में आप ग्रे कलर के आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन और शेड दोनों मिल जाएंगे।

### टाई टी-शर्ट ड्रेस



अगर आप बाहर किसी पार्टी में या आउटटिंग के लिए जा रही हैं तो इसके लिए आप टाई टी-शर्ट ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ग्रे कलर लाइट कलर के साथ-साथ कूल कलर भी होता है। इसलिए समर सीजन में सबसे ज्यादा पहना जाता है। आप इसके साथ चाहें तो ज्वेलरी और कुछ ट्रेंड एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं, जिससे आउटफिट अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको टी-शर्ट वाले कपड़े में भी मिल जाएगी। साथ ही आप चाहें तो इसे जॉर्जेट फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार में 250 से 500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

आप समर सीजन में जंपसूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमे आपको प्लेन और प्रिंटेड जंपसूट के डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप पार्टी या नॉर्मल डे में भी पहन सकती हैं। ग्रे कलर अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो इसके साथ लाइट ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह के जंपसूट 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

ग्रे कलर में आप बॉडीकॉन ड्रेस को भी वियर कर सकती हैं। इसमें भी लुक अच्छा लगता है। साथ ही पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट होती है।

## स्टाइल करें स्मार्ट फुटवियर, इस मौसम में हमेशा रहेंगी कम्फर्टेबल



हम जब भी कहीं जानें के लिए तैयार होते हैं तो सबसे पहले अपने लिए कपड़ों को सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। साथ ही हम चल रहे ट्रेंड को फॉलो कर पाते हैं। इसके बाद फिर हम मेकअप से अपने लुक को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन कुछ तभी पूरा होता है जब आप पैरों में सही तरीके के फुटवियर को स्टाइल करते हैं। जिन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहें। इंडियन आउटफिट के साथ पहनने वाले आउटफिट के बारे में हम आपको बताते हैं।

### शरारा के साथ पहनें स्ट्रैपी हील्स


शरारा आजकल काफी ट्रेंड में है इसलिए लड़कियां इसे शादी और नॉर्मल फंक्शन में पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की फुटवियर को सूट के साथ स्टाइल करें। आप इसके साथ स्ट्रैपी हील्स को वियर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने से आपकी हाइट लंबी लगेगी। साथ ही आपका शरारा नीचे से गंदा भी नहीं होगा।

### चूड़ीदार सूट के साथ पहनें क्लोज टो सैंडल

चूड़ीदार सूट भी कई सारी लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसे सूट पहनना पसंद है तो इसके साथ आप क्लोज टो वाले सैंडेल को वियर कर सकती हैं। इससे आपको मिलेगा एक बेलेंस लुक। इसमें आप ओपन टो वाली सैंडल भी ले सकती हैं और क्लोज वाली भी।

इससे आपके पैरों में एयर भी जाती रहेगी तो गर्मी में इसे पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी।

## मैट लिपस्टिक करती है होंठों को ड्राई? जानें सच्चाई



हैवी मेकअप चाहे हम रोजाना न करें, लेकिन लिपस्टिक को लगभग हम सभी रोजाना होंठों पर लगाते ही हैं। आमतौर पर इसके कलर को चुनने के लिए हम स्किन टोन को ध्यान में रखते हैं। वहीं इनमें आपको कई तरह के टेक्सचर भी देखने को मिल जाएंगे। टेक्सचर के अलावा एक मिथ यह भी मन में आता है कि क्या लिपस्टिक आपके होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाती है या यह केवल एक मिथ है? तो आइये जानते हैं इस कि मैट लिपस्टिक क्या सच में होंठों को ड्राई कर देती हैं-

### कितने तरह की होती है लिपस्टिक?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा लिक्विड और क्रेयॉन को इस्तेमाल किया जाता है। इन 2 टेक्सचर के अलग-अलग फायदे और नुकसान भी होते हैं। लिक्विड की बात करें तो इनमें ऑयल की मात्रा कम होती है और यह क्रेयॉन के मुकाबले ज्यादा देर तक होंठों पर टिकी हुई रहती है। वहीं क्रेयॉन लिपस्टिक में कई प्रकार आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें साटन मैट और मैट शामिल है। साटन मैट लिपस्टिक में काफी हल्की सी शाइन होती है और मैट में शाइन बिल्कुल भी नहीं होती है।

### किस तरह की लिपस्टिक कर सकती हैं होंठों को ड्राई?

होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाने के लिए केवल लिपस्टिक नहीं, बल्कि लिपस्टिक को बनाते समय इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं ज्यादातर मैट क्रेयॉन और और लिक्विड लिपस्टिक में ऑयल की मात्रा कम होती है, जिसके कारण होंठों पर कलर लम्बे समय तक टिका रहता है लेकिन यह होंठों की त्वचा को ड्राई करने का काम भी करता है। अगर आपके होंठ ड्राई हैं तो बिल्कुल मैट लिपस्टिक को लगाना अवॉयड ही करें।

कार्नर न्यूज

## रंगों और पैटर्न का ध्यान रखते हुए आप रह सकते हैं कूल-कूल

# आज की सोसायटी में 'ड्रेस वेल' रहना है तो जरूर अपनाएं कुछ अनूठे टिप्स

*अपने कपड़ों को लेकर हो सकता है कि आप चूजी कहलाते हों। हो सकता है कि आप महंगे कपड़े भी खूब खरीदते हों। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि आप रंगों और पैटर्न का भी ध्यान रखते हों। लेकिन इतनी मेहनत के बाद क्या आपको ड्रेस वेल कभी भी बोला गया है? नहीं न। ऐसा इसलिए क्योंकि आपने ड्रेसिंग के बेहतरीन और जरूरी नियमों को इग्नोर कर दिया है।*



### 'ड्रेस वेल' कैसे कहलाएं ऐसे

बढ़िया ड्रेसिंग गैर डिजाइनर और सस्ते कपड़ों में भी की जा सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ टिप्स याद रखने होंगे-

### फिटिंग कैसी है

कपड़े सस्ते से ही हों लेकिन उनकी फिटिंग सही हो तो मानिए कि ये आप पर अच्छे लगेंगे ही। इसलिए सूट जैसे कपड़ों में तो खासतौर पर फिटिंग का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। सूट में तो कंधों की फिटिंग जांचना जरूरी होता है।

### घड़ियों में भी करें निवेश

घड़ी को हाथ के हिसाब से चुनें। ये न ज्यादा बड़ी हो और ना ही छोटी। इसलिए आप घड़ी बस सुंदरता या फिर दूसरों के स्टाइल को कॉपी करके न लें। ये अगर सही से चुनी जाए तो स्टाइल स्टेटमेंट बन जाएगी।

### रंग भी बनें स्टाइल



पुरुष आज भी कपड़े खरीदते हैं तो रंगों से दूर भागते हैं। उन्हें अपने लिए सफ़ेद, काले, भूरे और नीले जैसे रंग ही समझ आते हैं। लेकिन अब रंगों को पुरुषों की स्टाइल से भी जोड़ा जाता है, हो सकता है आप पर टिपिकल पुरुषों वाले रंग सूट ही न करते हों। जबकि हल्का गुलाबी, हल्के पीले जैसे रंग भी अपने स्टाइल में शामिल कीजिए और फिर देखिए आपका स्टाइल कैसे चमक उठता है। आप अपने कलर कॉम्प्लेशन के हिसाब से रंगों पर प्रयोग करें और फिर अपने लिए चुनें भी।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त समिति की सिफारिश के बाद ठेका मजदूरों की दरों में हुई बढ़ोतरी

**बिश्रामपुर।** मुख्य श्रम आयुक्त, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने औद्योगिक श्रमिकों के लिए औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या के आधार पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते बढ़ाये जाने की सूचना दी है।इसके बाद संयुक्त समिति की अनुशंसा पर 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक ठेका मजदूरों के मजदूरी दर में वृद्धि हुई है जिसके अनुसार अब दैनिक वेतन बढ़कर अकुशल श्रमिक को 1242 रूपये,अर्धकुशल श्रमिक को 1274 रूपये,पर्यवेक्षी कुशल श्रमिक 1305 रूपये,अत्यधिक कुशल श्रमिक 1337 रुपये देय होगा।पूर्व के अनुसार चारो वर्गों के कर्मियों में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी 66 से 71 रुपये हुई है।

### समझाइश देने पर युवकों ने की कार सवार से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार द्वारा गलत तरीके से इंडिकेटर देकर मोड़ने पर जब कार सवार ने समझाइश दी तो बाइक सवार युवकों ने गाली-गलौज देते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हरदीसांड निवासी बिन्देश्वर तिर्की आ. स्व. बिरवा राम सोमवार की शाम कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2861 से बेटी व सास जिलिजना के साथ ग्राम हरदीसांड से सीतापुर जा रहा था। जैसे ही बनेया गोदाम के समीप पहुंचा तभी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2539 सवार दो युवक इंडिकेटर दिए और गलत दिशा में बाइक को मोड़ दिया। जिस पर कार सवार बिंदेश्वर ने कार रोक युवकों को समझाने लगा तो आनंद यादव व विवेक यादव ने उपसरपंच राजा राम के रिश्तेदार बताकर धौंस दिखाने लगे जिससे विवाद बढ़ गया। दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए कार सवार की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### शिवलाल जायसवाल



**बिश्रामपुर।** ग्राम राई निवासी सेवानिवृत शिक्षक शिवलाल जायसवाल का 86 वर्ष की आयु बीती रात उपचार के दौरान निधन हो गया।बुधवार को उनका अंतिम संस्कार राई स्थित मुक्तिधाम में किया गया,मुखागनी छोटे पुत्र अजय जायसवाल ने दी।शिवलाल जायसवाल भाजपा नेता सत्यनारायण जायसवाल के पिता व जिला पंचायत सदस्य गीता जायसवाल के ससुर थे।

## शहर के चौक-चौराहों पर लग रहा अघोषित बाजार

# सब्जी विक्रेताओं के लिए बने पौनी पसारी योजना के शेड सूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चौक-चौराहों पर अघोषित बाजार संख्या बढ़ती ही जा रही है। चौक चौराहों के समीप सज रही बाजार से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।

**खास बात**
- दुर्घटना की संभावना बढ़ी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना तथा आकाशवाणी के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसा नहीं है कि सब्जी विक्रेताओं ने बनाए गए सेड़ में सब्जी बिक्री करने अपनी दुकान नहीं लगाए परंतु पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए बाजार में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने सब्जी विक्रेता चौक चौराहों व सड़क किनारे बाजार लगाने को मजबूर है।

शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कई ऐसे चौक चौराहे है जो अब इन सब्जी विक्रेताओं को स्थाई जगह बन गया है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन किया गया। कुछ साल पर ही लाखो की लागत से चिन्हांकित जगहों पर चबूतरा व शेड का निर्माण किया गया। शेड व चबूतरा का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है। गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड को छोड़ बाकी जगह की शेड के नीचे बाजार नहीं लगने से मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में जिस उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पौनी पसारी योजना के तहत बाजार के लिए लाखों रुपए खर्च कर निर्माण कराया है वह सार्थक साबित नहीं हो सका। हैरानी की बात यह है बाजार के लिए चिन्हांकित जगहों पर शेड व चबूतरा बनकर तैयार है बावजूद इसके आज तक ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई और न ही सड़क किनारे व चौक चौराहे पर बाजार लगाने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की जिससे व्यवसायी निडर हो कर चौक चौराहों पर बाजार सजा रहे है।



नवागढ़ में बनाए योजना के गए शेड।



सड़क किनारे सब्जी बेचते ग्रामीण।

### मवेशी व गरीबों का बना आशियाना

शहर के पांच स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत शेड व चबूतरा का निर्माण किया गया है। गांधीनगर व आकाशवाणी चौक के समीप निर्माण कराए गए शेड व चबूतरा का उपयोग बाजार के लिए किया जाता है। परंतु नवागढ़, मठपारा व प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बनाए एक भी शेड़ के नीचे सब्जी व्यवसायियों द्वारा दुकान नहीं लगाए जाते जिससे शेड व चबूतरा शो पीस बन कर रह गई है। इन शेड में भिक्षाटन करने वाले गरीब लोगों और मवेशियों का आशियाना बन गया है।

### नहीं आते ग्राहक

नगर निगम द्वारा बनाए गए शेड में कुछ दिन सब्जी विक्रेताओं ने दुकान लगाई परंतु ग्राहक नहीं आने से सब्जी व्यवसायी पुनः चौक चौराहों के समीप दुकान लगाना शुरू कर दिया। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बनाए गए सेड में सड़क से काफी अंदर होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंचते और केवल एक दो लोगों द्वारा दुकान लगाते है जिससे अन्य लोग सड़क किनारे ही दुकान लगाते है जिससे उनके पास ग्राहक नहीं आने से बिक्री कम होती है। व्यवसायियों का कहना है कि सब्जी बिक्री नहीं होने तथा खराब होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होता है जिससे वे चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी बिक्री करने को मजबूर है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों पर समय समय पर कार्रवाई की जाती है। पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए शेड के नीचे जगह दिया गया। परंतु सब्जी व्यवसायी शेड को छोड़ पुनः सड़क किनारे ही दुकान लगाने लगते है। जल्द ही सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों के लिए शेड के नीचे आबंटन कर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जादू-टोना के शक पर महिला से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जादू टोना के शक पर महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौरपुर आसनडीह गोटिडुमर पारा निवासी नईहारो बाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि महिला के घर के समीप ही फकीर व शिवलाल का घर है। दोनों युवकों के घर जब भी कोई बीमार पड़ता है तो युवक महिला पर जादू टोना का आरोप लगाते हुए मारपीट करते है। 21 अप्रैल को भी फकीर के पिता की तबियत खराब हुई तो फकीर व शिवलाल उसके घर आ गए और जादू टोना करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करने के साथ ही जान से की मारने की धमकी देकर मारपीट की। महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबन्दी कर आसनडीह निवासी 30 वर्षीय फकीर व शिवलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को धारा 294, 506, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धारा 4, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर कैलाश मिर्रे, सउनि रामधन राम, आरक्षक दिलीप मिंज शामिल रहे।

### पैसा नहीं देने पर पुत्र ने मां के साथ मारपीट कर तोड़ा दांत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने गई महिला को उसके पुत्र ने पैसा नहीं देने पर मारपीट कर दांत तोड़ दिया। ग्राम सखौली निवासी श्रीमती केशर अगरिया पति भोले अगरिया बौरीपारा शिकारी रोड में पत्नी व बच्चों के साथ रहती थी। एक सप्ताह पूर्व देवर के बेटा विजय की शादी में शामिल होने परिवार के साथ गई थी जबकि पुत्र सुरेश अपनी पत्नी के साथ आया था। शाम को सुरेश अगरिया मां से पैसा मांगने लगा तो पैसा नहीं होने पर नहीं दी जिससे नाराज होकर पुत्र ने मां के साथ मारपीट करते हुए दांत तोड़ दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 325 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से गई महिला की जान

**अम्बिकापुर।** बाजार से खरीदारी कर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम केसरा निवासी ललिता मांझी गत दिन दवा गेल्सन के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 6986 से कमलेश्वरपुर बाजार गई थी। शाम को खरीदारी कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम पथराई खदान के समीप ग्राम केसरा की ओर से आ रहे ट्रेलर वाहन का चालक लटोरी मांझापारा निवासी संजय सिंह आ. किशुन राम ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से महिला सड़क पर गिर गई जिससे वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दावा गेल्सन घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# प्राथमिक शाला गांधीनगर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बच्चों ने परोसे स्वनिर्मित व्यंजन

सरकारी स्कूल की असरकारी योजना अंतर्गत प्राथमिक शाला गांधीनगर में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन धूमधाम से मेला लगाकर किया गया। कैम्प में बच्चों द्वारा निर्मित मास्क, मुखौटा, खिलौने, मेहंदी डिजाइन, कार्ड, पोस्टर, बागवानी, स्विमिंग, कुकिंग का प्रदर्शन स्टाल लगाकर किया गया। बच्चों ने अधिकारियों को पोस्ट कार्ड लिखकर आमंत्रित किया था। बच्चों के आमंत्रण पर डीए.सी रवि शंकर तिवारी, बीईओ गोपाल कृष्ण दुबे, बीआरसी संजीव कुमार भारती, सीएसी निरंजन कुमार विश्वास, हॉस्टल अधीक्षक अर्जुन सिंह, अजीम प्रेमजी फांउडेशन की आरती एवं अन्य शिक्षक पहुंचे थे। अधिकारियों ने समर कैंप के नियमों का पालन करते हुए अपना वजन नापने, उंचाई देखने और थंब लगाकर उपस्थिति दर्ज कराने का पालन किया। बच्चों को थंब के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिकारियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की और विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। डी.एमसी श्री तिवारी ने कैंप की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक पूरे लगन से कार्य करें जिससे बच्चो का हित हो। शिक्षक ऊर्जावान होंगे तो बच्चों पर अवश्य प्रभाव दिखेगा। बीईओ श्री दुबे ने नवाचार के लिये प्रधान पाठक रेखा राय व स्टाफ की सराहना की। अधिकारियों ने बच्चों द्वारा किये गए बीजरोपण एवं बागवानी का निरीक्षण किया। समर कैंप में शिक्षिका संगीता सिंह ने बच्चों को भेलपुरी बनाना, सुगंती कुजूर ने ग्रीन सलाद, रेखा राय ने अंकुरित अनाज का चाट व शरबत बनाना सिखाया। बच्चों ने अपने हाथों से बने व्यंजन अधिकारियों को खिलाया। इस दौरान डाइट के ज्योति पूनम और समुदाय की भूमिका, प्रिन्सी और आसिफा को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित बच्चों एवं लोगों को न्योता भोज कराया गया।



कैम्प में शामिल अभिभावक व बच्चे।

न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
क्रमांक/89/वाचक/2024 सूरजपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2024
ईश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश राजवाड़े आ. स्व. दशरथ राजवाड़े निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर में आवेदिका माया राजवाड़े आ. प्रेम प्रसाद निवासी जेलपारा वार्ड क्रमांक 10 सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर के द्वारा इस न्यायालय में विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।
अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10.05.2024 को दिन के 2:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक को 24.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA
दिनांक 27 अप्रैल 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant - Medical Oncology and Hematooncology
24/7 Emergency Services गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में इलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 28 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम, कार्डियोलोजिस्ट
डॉ. नरेश देवांगन MBBS, MS, MCH, NEUROSURGEON (Brain & Spine Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह डी.एन.बी (मेडिसिन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो) एम.आर.सीपी.- एस.सी.ई (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता
डॉ. राहुल अहलुवालिया एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्धति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

# परसा में उत्साह के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देते हुए विविध प्रतियोगिताएं
- विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

उदयपुर ब्लॉक में पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस की थीम पृथ्वी बनाम प्लास्टिक पर अदाणी द्वारा ग्राम साल्ही के अदाणी विद्या मंदिर और ग्राम तारा के आदिवासी कन्या आश्रम में प्रोजेक्ट उत्थान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। दो दिनों में 500 छात्रों ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर अपने रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन करने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सोमवार को पीईकेबी खदान के 0.143 हेक्टेयर रेकलैमेड क्षेत्र में 400 से अधिक पौधों का रोपण भी किया गया। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों के बीच पृथ्वी ग्रह को संरक्षित करने में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। ग्राम परसा और तारा में रंगोली और निबंध प्रतियोगिता के साथ समारोह की शुरुआत की गई। सोमवार को अदाणी विद्या मंदिर साल्ही में पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर भाषण, निबंध, ड्राइंग, रंगोली और नारा लेखन सहित कई प्रतियोगिताओं आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रभारी श्रीमती ज्योति गुप्ता, अदाणी विद्या मंदिर के शिक्षक जितेंद्र मेहर, पर्यावरण विभाग से अविनाश कुमार, और सीएसआर विभाग से सौरभ सिंह मौजूद थे। प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।




### पृथ्वी दिवस पर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने किया गया प्रेरित

**वाड्रफनगर।** रानी दुर्गावती महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर प्लास्टिक मुक्त भविष्य के निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज के शिक्षकों ने लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण रोकने तथा प्लास्टिक का उपभोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ईको क्लब ने पंक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की। इस दौरान महाविद्यालय के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की समीक्षा आज

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संसदीय क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस अमित कुमार बुधवार 25 अप्रैल को अपराह्न 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिले में चल रही निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे। इस समीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी और नोडल अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में सर्व संबंधितों को समय पर उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### थार वाहन में आग लगाने के मामले में अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** थार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने पर अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। गत दिन वाहन मालिक घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खड़गवां थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुरूदयाल आ. सोमर साय (25 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 22 अप्रैल को चालक रितिक श्रीवास्तव थार वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 3679 से रिश्तेदार युगांतर श्रीवास्तव के साथ उसके रिश्तेदार अभिषेक अम्बष्ट, ओम अम्बष्ट के साथ पत्थलगांव जा रहे थे। जैसे ही मंगारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी वाहन की टक्कर से बाइक सवार का एक्सीडेंट हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को उग्र देख वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गए। इसी बीच अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 147, 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, दो वाहन व फ्रीज जलकर खाक

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कुरवां में शॉट सर्किट की वजह से लगी आग से घर में रखे स्कूटी, बाइक व फ्रीज जल गए हैं। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुरवां निवासी 35 वर्षीय प्रार्थीया सुषमा पाटले पिता रामा पाटले के घर में गत दिनों शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई थी।आग लगने की वजह से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6695, स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 4490 व फ्रीज जल गए हैं। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### साढ़े सात लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्रवाई की है। टीम ने मामले में युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि बलरामपुर के गणेश मोड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक चंद्रदीप भगत के नेतृत्व में टीम ने गणेशमोड़ चौकी के ग्राम झलपी निवासी 40 वर्षीय करमचंद गुप्ता आ. रामगहन गुप्ता को हिरासत में लेने के साथ ही उसके पास से हाथ भट्ठी से बना हुआ साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस मामले में आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क), 34(2),59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला पुस्तकालय की स्थापना की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ की नवीन निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन के नेतृत्व में बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निरंजन मित्तल, गौरव अग्रवाल, संजय सेंगर ने मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर के माध्यम से छग शासन के संस्कृति विभाग से मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना करने की अनुशंसा का अपील किया गया है। अपने अनुरोध पत्र में संबोधन संस्था द्वारा विगत 1983 से नगर के राम मंदिर प्रांगण में संचालित संबोधन वाचनालय एवं पुस्तकालय की स्थापना और अब तक संचालन के पत्र-पत्रिकाओं की कटिंग और सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में अब तक के उपलब्धियां की जानकारी दी गई है। इसमें मेरीन फॉसिल्स के विकास में संस्था की भूमिका, त्रि-दिवसीय नाट्य समारोह, कत्थक नृत्य समारोह एवं पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृति के लिए अमरकंटक साहित्यिक शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से संस्था द्वारा अब तक के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक यात्रा की उपलब्धियां की जानकारियां शामिल है।

## किसानों को आवश्यकता के अनुरूप नहीं मिल रही धान की राशि

# चार महीनों से नकदी संकट से जूझ रहा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लम्बे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नगदी के अभाव में बैंक किसानों को धान की कीमत का भुगतान नहीं कर पा रहा है जिससे बैंक की शाखाओं में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शासन द्वारा धान खरीदी प्रारम्भ होने के साथ ही किसानों को धान की कीमत का भुगतान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से प्रारम्भ कर दिया था। शुरूआत में कम खरीदी होने के कारण बैंक पर भुगतान का दबाव भी कम था लेकिन जैसे-जैसे खरीदी बढ़ी भुगतान का दबाव भी बढ़ने लगा। इधर चेस्ट से आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिलने के कारण बैंक की शाखाओं में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने धान की राशि को बच्चों के शादी-विवाह सहित अन्य प्रयोजनों के लिए राशि खाते में ही जमा रखा तथा शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही जमा राशि की मांग करने लगे। इधर नगद राशि के अभाव में किसानों को बार-बार चक्कर लगाने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। किसानों को बैंक प्रबंधकों द्वारा बार-बार समय देने के बावजूद धान की राशि का भुगतान नहीं करने से विपरीत स्थिति निर्मित होने लगी। हालत ऐसी हो गई है कि 20 करोड़ की मांग के विरूद्ध बैंक बमुश्किल 10-12 करोड़ रूपए की ही व्यवस्था कर पाता। बैंक ने विवाद से बचने अलग-अलग गांव के लोगों के भुगतान के लिए अलग दिन का भी निर्धारण किया लेकिन हालत नहीं सुधरी। बैंक प्रबंधन ने भी नगदी संकट के निराकरण के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को स्थिति से अवगत करा नगदी उपलब्धता बढ़ाने की पहल की। प्रबंधकों ने स्थिति में सुधार लाने का आश्वासन दिया लेकिन स्थिति में बदलाव नहीं आ सका। इधर बच्चों की शादी-विवाह की तिथि निर्धारित करने के बाद आवश्यक खरीदी के लिए खाते में जमा राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान आपा खोने लगे। रोज-रोज के विवाद के बाद बैंक प्रबंधन ने कलेक्टर को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही संबन्धित बैंकों के राज्यस्तरीय अधिकारियों से पत्राचार किया। लम्बी मशक्कत के बाद पिछले तीन दिनों से बैंक को आवश्यकता के अनुरूप राशि मिल रही है।

**खास बात**

- राशि के अभाव में आए दिन हो रहा विवाद





### 35 हजार करोड़ का भुगतान

शासन द्वारा धान के एवज में 3 लाख 67 हजार 612 किसानों को 24 हजार 34 लाख करोड़ एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 1 लाख 80 हजार 154 किसानों को 1 हजार 2 लाख करोड़ का भुगतान करना है। राज्य सरकार ने दोनों योजनाओं की राशि 34 हजार 56 लाख करोड़ का भुगतान आदेश पूर्व में ही जारी कर दिया है। जिला सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा से नगद की व्यवस्था करता है। भुगतान की सुविधा के लिए एकीकृत सरगुजा के विभिन्न 5 जिलों में संचालित सरगुजा के 203 उपार्जन केन्द्र, 153 सहकारी समितियों के किसानों को बैंक की 31 शाखाओं से जोड़ा है। बैंक सभी शाखाओं को आवश्यकता के अनुरूप राशि उपलब्ध कराता है लेकिन दिसम्बर मध्य के बाद से ही बैंक नगदी संकट से जूझ रहा है।

### हर दिन 20 करोड़ की मांग

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं में हर दिन किसानों को भुगतान करने के लिए 20 करोड़ रूपए की जरूरत पड़ रही है लेकिन राष्ट्रीयकृत बैंकों से 10-12 करोड़ रूपए ही उपलब्ध हो रहे हैं। किसान जरूरत पड़ने पर ही राशि निकालने बैंक पहुंचते हैं। ऐसे में किसानों की नाराजगी भी अनुचित नहीं है। नगदी संकट शुरू होने के साथ ही बैंक प्रबंधन लगातार व्यवस्था को सुधारने की कोशिशें कर रहा है लेकिन आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण व्यवस्था में बदलाव नहीं आ रहा है। बैंक प्रबंधन ने अब संभागायुक्त को स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया है।

### अब मिल रही राशि

पिछले तीन दिनों से बैंक को आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध हो रही है। समस्या के निराकरण के लिए स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टेट हेड को दो बार पत्र लिखा जा चुका है। नगदी उपलब्धता की निरंतरता आवश्यक है। भविष्य में समस्या होने पर स्थिति से संभागायुक्त को अवगत कराया जाएगा।

-सुनील वर्मा
सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



## सरगुजा की क्रिकेट टीम ने दुर्ग को हराकर एलीट ग्रुप में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिला क्रिकेट संघ की 19 वर्ष बालक टीम ने लगातार अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के एलीट ग्रुप में अपनी जगह बनाई है। अब सरगुजा टीम का मुकाबला छत्तीसगढ़ की टॉप टीमों से होगा। सरगुजा की टीम पूर्व में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत प्लेट ग्रुप में शामिल होती थी जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की टीम हिस्सा लेती हैं। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर चुनिन्दा आठ टीमों को एलीट ग्रुप में शामिल कर मैच कराया जाता है। सरगुजा की टीम ने अपने ग्रुप में कोरिया, जशपुर को हराकर अंकों के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में टीम का मुकाबला दुर्ग के खिलाड़ियों से हुआ। मैच में सरगुजा ने टॉस जीतकर दुर्ग की टीम को बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। सरगुजा के गेंदबाज अर्श एवं अन्य खिलाड़ियों की शानदार गेंदबाजी से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग की टीम मात्र 99 रन बना पाई। अर्श ने 16 ओवर में 24 रन देकर 7 विकेट लिए। इस दौरान सरगुजा का क्षेत्र रक्षक भी बहुत अच्छा रहा। जवाब में सरगुजा की टीम के दिव्यांश ने 49रन, दक्ष चोपड़ा के 37 एवं वैभव सिंह के 22 रन की बदौलत खिलाड़ियों ने कुल 193 रन बनाये। पहली पारी में सरगुजा की टीम 95 रन की बढ़त बना ली। दूसरी पारी में दुर्ग की टीम 124 रन ही बना पाई। सरगुजा को मैच जीतने के लिए 29 रन की जरूरत थी जिसे बिना विकेट खोए खिलाड़ियों ने हासिल कर मैच जीत लिया। सरगुजा की ओर से अर्श एवं अन्य ने 9 विकेट लिया। द्रव्यांश जायसवाल, रवि, दक्ष चोपड़ा ने अच्छी बल्लेबाजी की। सरगुजा की टीम में कप्तान अविनाश राय, रवि राज, ताबीज खान, आंकारेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, वैभव सिंह, पंछी, रोहित, दक्ष, नैवेद्य गुप्ता, प्रतीक यादव, अर्श, ऋषिकांत, आदर्श, निर्मल राय एवं टीम के कोच और मैनेजर शिवम तथा हर्ष दुबे थे। टीम की जीत पर सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव विनीत विशाल जायसवाल, शैलेश सिंह, विकास शर्मा, जीवन यादव, ज्ञानेश्वर सिंह, कमल निकुंज, शीलू सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## मलेरिया के मरीजों में आई कमी, बलरामपुर जिले में वर्ष 2023 में मिले 31 मरीज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला में मलेरिया के मरीजों में तेजी से कमी आई है। मलेरिया टेस्ट में वृद्धि किए जाने के बाद भी कम संख्या में ही मरीज सामने आ रहे है और जिले का एपीआई दर 0.03 पहुंच गया है। गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस को लेकर बलरामपुर सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि विगत 5 वर्षों में जिले में निरंतर मलेरिया के मरीजों में कमी आई है। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मलेरिया निःशुल्क उपचार किया जा रहा है और लोगों को दवा उपचारित मच्छरदानी का वितरण किया गया है।

समय-समय पर डीडीटी दवा का छिडकाव भी किया जाता है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देश पर जिले में मच्छर जनित रोगों की समीक्षा बैठक के लिए जिला टास्क फोर्स गठित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जहां वर्ष 2017 में कुल 11008 मलेरिया के रोगी थे व जिले का एपीआई 13.5 था वहीं वर्ष 2023 में कुल 31 मलेरिया रोगी मिले व एपीआई 0.03 रहा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुबोध सिंह ने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है जिसके लिए साफ-सफाई को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है। बरसात को 2 माह ही बचे है जो कि मच्छरों के लिए प्रतिकूल परिस्थिति निर्माण करता है जहां भी पानी रुकता या ठहरता है वहां मच्छर पनपते है, ऐसे जगह को या तो पाट देना चाहिए या रुके हुए पानी को बहा देना चाहिए। जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या राष्ट्रीय स्तर के औसत पैमाने से भी कम है और निरंतर राज्य स्तर एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की नजर भी जिले पर बनी रहती है। वर्ष 2024 विगत 3 माह में अभी तक एक भी मलेरिया के मरीज नहीं मिले है जो की मलेरिया मुक्त जिला घोषित करने के दिशा में पहला कदम दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर तक मितानिन के माध्यम से मरीजों की जांच करना तथा मरीजों से सम्बन्धित जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने का कार्य करवाया जा रहा है।



## फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम उपरांत वापस लौट रहे फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट ट्रैक्टर के चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। गौरतलब है कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर आए थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सूरजपुर जिले से फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 1217 वापस लौटते समय नगर में एनएच 43 पर मुख्य मार्ग किनारे खड़ी थी। तभी बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पिछले हिस्से में नुकसान हुआ है। दुर्घटना की वजह से यहां पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित होने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

लोकसभा निर्वाचन के क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा आज निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्वीप कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं के बीच ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि मतदान के प्रतिशत बढे। गर्मी के मौसम को देखते हुए 7 मई मतदान दिवस के तिथि पर सभी मतदान केंद्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कहीं। उन्होंने मतदान केंद्र पर मतदान दल और मतदाता के बुनियादी सुविधा के अनुरूप चेक लिस्ट बनाकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके तहत दिव्यांगजनों के लिये मतदान केंद्र में मानक मापदण्ड के अनुरूप रैंप व व्हीलचेयर, बेहतर विद्युत प्रबंधन, शौचालय व्यवस्था, मतदाताओं के लिए सेट की व्यवस्था इत्यादि पर चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र में मतदान के लिये पहुंचने वाले प्रत्येक मतदाताओं का अनुभव बेहतर होना चाहिए। साथ ही मतदान केंद्र की सभी व्यवस्था मतदान दिवस पूर्व ही पुख्ता हो जानी चाहिए। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा करते हुए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की बात कही। उन्होंने प्रशिक्षण में ईव्हीएम एवं व्ही व्ही पैट के अधिक से अधिक हैण्डस्ऑन प्रशिक्षण पर जोर दिया ताकि निर्वाचन कार्य को संपादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ज्यादा से ज्यादा दक्ष हो सकें। बैठक में उन्होंने ईवीएम मैनेजमेंट, मोबाईल नेटर्वक विहीन मतदान केंद्र, निर्वाचन प्रशिक्षण, सी-विजिल, पोस्टल बैलेट की तैयारी, रूट चार्ट, और व्यय अनुवीक्षण इकाई के संबंध पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## गुणवत्ताहीन स्कूल भवन निर्माण पर रोक लगाने की मांग, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लमगांव के बस्तीपारा में चल रहे प्राथमिक शाला के गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मामले में बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से कर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शासन द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के माध्यम से ग्राम पंचायत लमगांव के बस्तीपारा में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग ठेकेदार बीएन बिल्डकॉन के माध्यम से निर्माण करा रहा है। भवन निर्माण में घटिया ईंट सहित अन्य निर्माण सामग्री व ईंटों की जोड़ाई में नाम मात्र का सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। बीम की ढलाई भी आड़ी-तिरछी किया जा रहा है। जिससे कभी भी दीवार भरभराकर गिर सकता है। ग्राम पंचायत की निगरानी समिति के सदस्य लक्ष्मी नारायण तिवारी ने भविष्य में होने वाली परेशानी को देखते हुए स्थिति से एसडीओ डी टोप्पो एवं उपयंत्री बीके यादव को अवगत कराया। बार-बार शिकायत करने के बाद 14 अप्रैल को उपयंत्री बीके यादव कार्यस्थल पर पहुंचे एवं ठेकेदार को तत्काल प्लास्टर करने का निर्देश दे दिया ताकि निर्माण की गड़बड़ियों एवं घटिया सामग्री को छिपाया जा सके। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों पर ठेकेदार से मिली भगत कर गुणवत्ताहीन निर्माण कराने एवं नौनिहालों का जीवन संकट में डालने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है तथा घटिया निर्माण पर रोक लगा इसकी जांच कराने की मांग की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736





## उरांव समाज ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व

**सीतापुर।** धरती पूजा का महापर्व सरहुल पूजा मूली पड़हा उरांव समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान धरमा मंडा उरांव भवन में समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुडुख सनातन समाज द्वारा पारंपरिक सरना पूजा स्थल पर सरहुल पूजा का आयोजन किया गया जहां उरांव समाज द्वारा सामूहिक रूप से सरना की पूजा की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभा आयोजित की गई जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सरना पूजा एवं सरहुल पर्व मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक भोज का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के सभी सदस्य शामिल हुए और सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मूली पड़हा उरांव समाज के अध्यक्ष गिरधर राम भगत, दिवान तिलक राम भगत, अनिल निराला, डॉ. एके ऊंजन, एमआर भगत, शोभन राम, गहंदुल राम समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सदस्य मौजूद थे।

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह
DNB (Internal), DNB (Gastro)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिक सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. नरेश देवांगन
MBBS,MS, MCh. (Neurologist)
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन ...
डॉ. राहुल अहलूवालिया
MS, MCH (Neurosurgeon)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आर.के. साहू
MD, DM (Nephrology)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
28 अप्रैल 2024 माह के चौथा रविवार
प्रदेश के विख्यात चेस्ट फिजिशियल/छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ...
डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध